दिनांक-28दिसंबर2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

बायो रिमेडीएशन से कुरूद ट्रेंचिंग ग्राउंड के कचरे का हो रहा निपटान, आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने कार्य का किया निरीक्षण

भिलाईनगर/ निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 16 कुरूद ट्रेंचिंग ग्राउंड मे बायोरिमेडीएशन पद्धति से कचरे का निपटारा किया जा रहा है !जिसका निरीक्षण आज आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने किया तथा उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए! कचरे को लगभग 60% से 70% तक समाप्त किया जा चुका है! बायो रिमेडियेशन की प्रक्रिया मे कचरे के ऊपर कल्चर का प्रयोग किया जाता है यह कल्चर कचरे को खाद में तब्दील करने में कारगर होता है, कचरे की बदबू भी इस कल्चर के माध्यम से कम हो जाती है! पूर्व में कुरूद ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरे का ढेर लगा होता था व ऊपर से हाईटेंशन तार गुजरने के कारण आए दिन कचरे में आग लगने की शिकायतें भी प्राप्त होती थी, जिस ढेर को समाप्त करने का कार्य निगम द्वारा किया जा रहा है अब इस ढेर में कल्चर का उपयोग कर इसे खाद के रूप में तब्दील किया जा रहा है जिसे विक्रय कर निगम कोष में राशि जमा की जा रही है! कल्चर उपयोग करने के पश्चात गिट्टी , पॉलीथिन, प्लास्टिक आदि को पृथक पृथक करने का कार्य भी कुरूद ट्रेंचिंग ग्राउंड में किया जा रहा है!

जनसंपर्क अधिकारी